E-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**संचिका सं0–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–30 / 2023** 8895 भू0 13/11/2023

**आदेश**

"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–4700 दिनांक–22.12.2022 के विरूद्ध अपीलार्थी सुश्री पुजा कुमारी, (Emp. ID No.-AEN01061), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल द्वारा प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

अपील की सुनवाई दिनांक–27.10.2023 को 04:00 बजे अपराह्न निर्धारित की गई, जिसकी सूचना उन्हें ई–मेल के द्वारा प्रेषित की गयी है। निर्धारित तिथि एवं समय पर वाद की सुनवाई की गयी।

उभयपक्ष उपस्थित।

अपील अभ्यावेदन पर निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की ओर से मंतव्य दाखिल किया गया। प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया है।

अपीलार्थी द्वारा दाखिल अपील अभ्यावेदन पर निदेशालय द्वारा दायर मंतव्य व अन्य अभिलेखों, साक्ष्यों के अवलोकनोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा नियोजन के समय समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग का अंक पत्र/प्रमाण–पत्र के सत्यापन हेतु निदेशालय पत्रांक–4544 दिनांक–23.12.2021 द्वारा C.M.J University, Meghalaya को भेजा गया है।

उक्त सत्यापन संबंधी पत्र के अनुपालन में निबंधक C.M.J University, Meghalaya के पत्रांक–CMJU/RO/VERI./2022-05/50/434 दिनांक–24.05.2022 के द्वारा सूचित किया गया है कि "The following students of Diploma in Civil Engineering send by you are not issued by the University. Hence these marksheets are Fake." इस प्रकार पाया गया है कि सुश्री पुजा कुमारी जिनका रजिस्ट्रेशन सं0 95598110350520 है, फर्जी है।

उक्त सत्यापन प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक–1572 दिनांक–30.06.2022 द्वारा अपीलार्थी से फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया है। अपीलार्थी द्वारा अपना स्पष्टीकरण दाखिल किया गया।

फर्जी प्रमाण–पत्र पर नियोजन प्राप्त करने के संबंध में कोई विशिष्ट तथ्य/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये जाने के आधार पर निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा इनका संविदा नियोजन समाप्त की गई है।

अपीलार्थी के कथन, अपील अभ्यावेदन एवं निदेशालय द्वारा प्रस्तुत मंतव्य एवं संलग्न साक्ष्यों के अतिरिक्त यह बात प्रकाश में आया कि शिक्षा विभाग, मेघालय ने दिनांक–31.03.2014 के आदेश द्वारा C.M.J University को ही भंग (Dissolution) कर दिया गया है, जिसके विरूद्ध C.M.J University ने WP(C) No.-177/2014 उच्च न्यायालय, मेघालय में दाखिल किया था। उक्त याचिका में माननीय उच्च न्यायालय, मेघालय द्वारा शिक्षा विभाग के दिनांक–31.03.2014 के आदेश को Set aside/Quashed कर दिया।

मेघालय सरकार ने WP(C) No.-177/2014 में पारित उक्त आदेश के विरूद्ध WA No.-14/2017 माननीय उच्च न्यायालय, मेघालय में दाखिल किया। उक्त याचिका में माननीय उच्च न्यायालय ने दिनांक–06.05.2021 के द्वारा WP(C) No.-177/2014 दिनांक–16.07.2015 को पारित आदेश को Set aside कर दिया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि शिक्षा विभाग के दिनांक–31.03.2014 का C.M.J University का Dissolution का आदेश आज भी प्रभावी है।

उक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अपीलार्थी द्वारा फर्जी प्रमाण—पत्र पर नियोजन प्राप्त किया गया है।

अतः निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा निर्गत आदेश में किसी प्रकार की हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

उक्तालोक में सुश्री पुजा कुमारी, (Emp. ID No.- AEN01061), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल द्वारा दायर अपील अभ्यावेदन अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/—
**अपर मुख्य सचिव—सह—**
**अपीलीय प्राधिकार**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**E-Mail**

**ज्ञापांकः**— 03/भू0अ0नि0 (5) अपील—30/2023......8895......**पटना, दिनांक :—** 13/11/2023

**प्रतिलिपिः**— सुश्री पुजा कुमारी, (Emp. ID No.- AEN01061), संविदा समाप्त, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल, ई—मेल—puja7763078@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

13/11/2023

**(विनोद कुमार पंकज)**
सहायक निदेशक
भू—अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांकः**— 03/भू0अ0नि0 (5) अपील—30/2023......8895......**पटना, दिनांक :—** 13/11/2023

**प्रतिलिपिः**— बन्दोबस्त पदाधिकारी, सुपौल, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), सुपौल को सूचनार्थ प्रेषित।

13/11/2023

**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**— 03/भू0अ0नि0 (5) अपील—30/2023......8895......**पटना, दिनांक :—** 13/11/2023

**प्रतिलिपिः**— प्रशाखा पदाधिकारी, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/11/2023

**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**— 03/भू0अ0नि0 (5) अपील—30/2023......8895......**पटना, दिनांक :—** 13/11/2023

**प्रतिलिपिः**— निदेशक कोषांग, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

13/11/2023

**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**— 03/भू0अ0नि0 (5) अपील—30/2023......8895......**पटना, दिनांक :—** 13/11/2023

**प्रतिलिपिः**— श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/11/2023

**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप